**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH**

**WORKSHEET STD X**

**क ) रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए :-**

१.जो कमाएगा,वह खाएगा । - **मिश्र वाक्य**

२.मैं ठीक समय पर पहुँच गया परंतु रमेश नहीं आया । - **संयुक्त वाक्य**

३.जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे हमेशा सुखी रहते हैं ।- **मिश्र वाक्य**

४.वर्षा होने पर फ़सलें लहलहाने लगीं । - **सरल वाक्य**

५.इस संसार में दिखाई देनेवाली सभी चीज़ें नाशवान हैं । - **सरल वाक्य**

६.चोर ने सामान चुराया और भागा । - **संयुक्त वाक्य**

७.आप ही हैं , जिनकी बात मैं मान सकता हूँ ।- **मिश्र वाक्य**

८.यही वह स्थान है , जहाँ कल दुर्घटना हुई थी ।- **मिश्र वाक्य**

९.जब तक डॉक्टर पहुँचा,रोगी मर चुका था ।- **मिश्र वाक्य**

१०.तुमने काम नहीं किया अतः पैसे नहीं मिलेंगे ।- **संयुक्त वाक्य**

**ख) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :-**

१.तेंदुए ने गाँव में घुसकर दो लोगों को घायल कर दिया । ( संयुक्त वाक्य में )

**तेंदुआ गाँव में घुसा और उसने दो लोगों को घायल कर दिया ।**

२.अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करो । (मिश्र वाक्य )

**यदि अच्छे अंक लाने हैं तो परिश्रम करो ।**

३.कुत्ता भौंका और सभी जाग गए । (सरल वाक्य में )

**कुत्ते के (भौंकने पर / भौंकते ही) सभी जाग गए ।**

४.वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गई । ( संयुक्त वाक्य में )

**उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाज़ार गई ।**

५.मैंने एक बीमार व्यक्ति को देखा । ( मिश्र वाक्य में )

**मैंने जिस व्यक्ति को देखा वह बीमार था ।**

६.नीचे गिरते ही गिलास टूट गया । ( संयुक्त वाक्य में )

**गिलास नीचे गिरा और टूट गया ।**

CamScanner

CamScanner

७.बारिश हुई और हरियाली छा गई। ( सरल वाक्य में )

**बारिश के होते ही हरियाली छा गई।**

८.किसान के बैल खूँटे से खुल गए और खेत में चरने लगे। ( सरल वाक्य में )

**किसान के बैल खूँटे से खुलकर खेत में चरने लगे।**

९.विजय खाना खाकर काम पर गया। ( संयुक्त वाक्य में )

**विजय ने खाना खाया और वह काम पर गया।**

१०.खरगोश घर में हैं और वे गाजर खा रहे हैं। ( मिश्र वाक्य में )

**जो खरगोश घर में हैं वे गाजर खा रहे हैं।**

११.उसने कहा कि वह स्कूल नहीं जाएगा। (प्रधान उपवाक्य छाँटिए )

**प्रधान उपवाक्य - उसने कहा**

CamScanner

CamScanner